
RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

2026 में वामिका गब्बी का धमाका

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 65 | MONDAY DATE 30-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए सौर ऊर्जा अभियान से जुड़े देशवासी : मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सौर ऊर्जा अभियान से जुड़कर स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने का आ'ान करते हुए कहा है कि 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के माध्यम से देश में सौर ऊर्जा को लेकर व्यापक बदलाव आया है। यह आम नागरिक को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाता है इसलिए सबको इस अभियान से जुड़ना चाहिए।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 132वीं कड़ी में कहा कि देश के छोटे-बड़े शहरों में घरों की छतों पर बड़ी संख्या में आज सौर पैनल लगे दिखाई दे रहे हैं। कुछ वर्ष पहले ये बहुत कम देखने को मिलते थे लेकिन अब इस योजना का प्रभाव देश के कोने-कोने में दिखाई देने लगा है।

उन्होंने इस सन्दर्भ में गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले की पायल मुंजपारा का उदाहरण दिया और कहा कि उनके जीवन में इस योजना से बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने सौर ऊर्जा से जुड़ी पहल के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चार महीने का सौर तकनीशियन पाठ्यक्रम पूरा किया और अब एक कुशल सौर तकनीशियन के रूप में कार्य कर रही हैं।

## मछुआरे आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींवः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मछुआरा समुदाय की सराहना करते हुए कहा है कि मछुआरे केवल समुद्र के योद्धा ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी हैं। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 132 वीं कड़ी में कहा कि मछुआरे सुबह होने से पहले समुद्र में उतरकर न सिर्फ अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बंदरगाहों के विकास, बीमा योजनाओं और तकनीकी सहायता के जरिए मछुआरों का जीवन आसान बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि समुद्र में काम करने वाले मछुआरों के लिए मौसम की जानकारी बेहद अहम होती है, इसलिए तकनीक के माध्यम से उन्हें समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## पीएम मोदी की रैली में भीड़ जुटाने को सरकारी कर्मचारियों व संसाधनों का लेना पड़ा सहारा : अखिलेश

**दादरी, यूटर्न/ 29 मार्च।** समाजवादी पार्टी ने दादरी में 'समाजवादी समानता भाईचारा' रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया, जहां पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए पीएम मोदी की रैलियों में भीड़ जुटाने के तौर-तरीकों से लेकर विकास के दावों तक कई सवाल खड़े किए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी की रैली में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों का सहारा लेना पड़ा है। दादरी में आयोजित सपा की रैली में बड़ी संख्या में जुटे समर्थकों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने मंच से कहा कि पूरे पंडाल में पार्टी के झंडे का लाल रंग छाया हुआ दिख रहा है, जो कार्यकताओं के उत्साह का प्रतीक है।

आयोजन को सफल बनाने के लिए उन्होंने सपा नेता राजकुमार भाटी की सराहना भी की। अपने संबोधन में उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा की इस रैली की चर्चा ने विरोधियों को असहज कर दिया। उनका आरोप था कि इसी दबाव में विपक्षी दलों ने सपा की रैली से पहले अपनी रैली आयोजित की लेकिन वहां भीड़ स्वाभाविक नहीं थी बल्कि लोगों को जुटाया गया था।

# असम से हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे : शाह

» **सोनितपुर, यूटर्न/ 29 मार्च।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं।

सोनितपुर रैली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए अमित शाह ने जनता से कहा, 'आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो। आपको एक शांतिपूर्ण और विकसित असम के लिए वोट देना चाहिए। आपको असम के युवाओं के लिए अवसरों और रोजगार के लिए वोट देना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'एक तरफ भाजपा है, जिसने पिछले दस सालों में असम को आतंकवाद से मुक्त किया है। इसके विपरीत, कांग्रेस के शासन के दौरान असम ने बम धमाके, गोलीबारी और कई युवाओं की दुखद मौतें देखीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने असम में शांति स्थापित की है और 10,000 युवाओं को हथियार छोड़ने और एक बेहतर भविष्य अपनाने में मदद की है।'

जनसभा में अमित शाह ने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। हालांकि, पिछले दस सालों में हम और घुसपैठ रोकने में कामयाब रहे हैं। लेकिन सिर्फ घुसपैठ रोकना ही काफी नहीं है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो लोग अवैध रूप से घुसे हैं, उन्हें भी असम से हटाया जाए। ये घुसपैठिए हमारे युवाओं से रोजगार के अवसर छीन रहे हैं और उन संसाधनों का उपभोग कर रहे हैं जो सही मायने में असम के लोगों के हैं।' उन्होंने कहा कि असम की जमीन पर घुसपैठियों का कोई वैध दावा नहीं है।

# जेवर एयरपोर्ट की नींव बसपा सरकार में पड़ी कांग्रेस के कारण हुई देरी : मायावती

» **लखनऊ, यूटर्न/ 29 मार्च।**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की रूपरेखा और बुनियादी काम उनकी सरकार में ही शुरू हो चुके थे, लेकिन केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कारण इसमें देरी हुई। बसपा मुखिया मायावती ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डा के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बी.एस.पी. की मेरी सरकार में ही शुरू हो गये थे। उन्होंने आगे लिखा कि इतना ही नहीं, बल्कि उस समय केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता। मायावती ने कहा कि जहां तक सपा सरकार का सवाल है तो इनका ज्यादातर समय उत्तर प्रदेश की गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, खासकर बी.एस.पी. सरकार द्वारा समाज के कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिये गये ऐतिहासिक फैसलों व किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने के साथ-साथ बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित शिक्षण व मेडिकल संस्थानों व ज़िला आदि का नाम बदलने व उनके नाम पर बने स्थलों, स्मारकों, एवं पार्कों आदि की अनदेखी व उपेक्षा करने के नकारात्मक, जातिवादी व राजनीतिक द्वेष में ही ज्यादातर समय लगी रही, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि अतः इन सबके मद्देनजर यूपी की जनता से अपील है कि वे विरोधी पार्टियों की छलावापूर्ण राजनीति व बहकावे में ना आकर बी.एस.पी. के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त में विश्वास रखते हुए अपने व प्रदेश के विकास हेतु बी.एस.पी. के आयरन नेतृत्व पर ही भरोसा करें।




## संक्षिप्त खबरें

### फैक्टरी जाने के लिए निकली किशोरी लापता

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मार्च।** थानाक्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी (17) रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता की ओर से फैक्टरी कर्मी पर बहलना-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 14 मार्च की है और पुलिस ने शुक्रवार रात प्राथमिकी दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का लालन-पालन करते हैं। उनकी पत्नी की मौत हो चुकी है। उनकी 17 वर्षीय बेटी भी उनके साथ साबूदाना फैक्टरी में काम करके घर चलाने में सहयोग करती है। 14 मार्च की सुबह करीब नौ बजे उनकी बेटी फैक्टरी जाने के लिए घर से गई थी। इसके बाद शाम को घर नहीं लौटी। वापस न आने पर उसकी तलाश शुरू की गई तो कुछ पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि बेटी अपना मोबाइल भी घर छोड़कर गई है। हालांकि जाने से पहले उसने अपने साथी कर्मचारी को व्हाट्स एप कॉल की थी। आरोप है कि वही कर्मचारी उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

### प्रशासन ने प्रदूषण बढ़ाने वाली 14 और फैक्टरी सील की, कनेक्शन भी काटे गए

**लोनी, यूटर्न/ 29 मार्च।** प्रदूषण बढ़ाने वाली फैक्टरियों के खिलाफ जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का शनिवार को भी डंडा चला। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 14 फैक्टरियों को सील कर दिया। इन सभी फैक्टरियों के बिजली कनेक्शन भी कटवा दिए है। यह कार्रवाई लोनी के कृष्णा विहार फेस-तीन स्थित फैक्टरियों पर कार्रवाई की। दरअसल, जिले में 500 से अधिक फैक्टरियां अवैध रूप से चल रही है और इनका पंजीकरण तक नहीं है। इन्हीं फैक्टरियों में सबसे अधिक प्रदूषण होता है। यहां पर जींस पर रंगाई और लोहे की ढलाई समेत अन्य कार्य किए जाते है। इनसे बहुतायत में प्रदूषण होता है। इस तरह की फैक्टरियों के कारण ही लोनी जिले और प्रदेश में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर भी सबसे अधिक प्रदूषित रहा है। इसे लेकर अमर उजाला ने खबर प्रकाशित की तो अधिकारियों ने संज्ञान लिया। अब तक दो दर्जन से अधिक फैक्टरियों पर अधिकारी कार्रवाई कर चुके हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार लोनी रति गुप्ता ने शनिवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विद्युत निगम व नगर पालिका परिषद और पुलिस के साथ संयुक्त रूप से बार्डर थाना क्षेत्र में कार्रवाई की।

# दिल्ली के चांद बाग में बहुमंजिला मकान में लगी आग, चार लोगों ने लगाई छलांग

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र स्थित चांद बाग में आज तड़के एक बहुमंजिला मकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में खड़े दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में लगी, जिसके बाद धुआं तेजी से फैल गया। धुएं से घबराकर पहली मंजिल पर मौजूद चार लोगों ने छलांग लगा दी, जबकि दमकल कर्मियों ने ऊपरी मंजिलों से चार अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

दमकल विभाग को घटना की सूचना रात करीब 2:30 बजे मिली। सूचना मिलते ही चार दमकल की गाड़ी मौके पर भेजी गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए करीब 2:56 बजे 'मेक-4' घोषित किया गया, जिसके बाद अतिरिक्त दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। कुल 11 दमकल वाहन मौके पर पहुंचे।

दमकल अधिकारियों के मुताबिक, इमारत ग्राउंड प्लस पांच मंजिल की है और इसका क्षेत्रफल करीब 50 वर्ग गज है। आग से उठे धुएं ने ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लोग फंस गए। दमकल कर्मियों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं चौथी मंजिल से एक बच्चे को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

घटना के दौरान निकहत (22), राशिदा (50), सोनी (25) और दो वर्षीय आशिफ ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। सभी को तत्काल जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं सुवेद (12), दुर्वेद (10), आरिफा (28) और फराह (14) को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बचा लिया।

सुबह करीब 6:20 बजे तक दमकल की सभी गाड़ियां वापस लौट गईं और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। मौके पर एडीओ दीपक हुड्डा के नेतृत्व में राहत कार्य चलाया गया। फिलहाल दयालपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण पार्किंग में खड़े वाहनों से जुड़ा माना जा रहा है। वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## डॉक्टरों की 'अवैध पब्लिसिटी' पर सवाल सीएमओ से संपर्क नहीं—फोन तक नहीं उठाया

» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 मार्च।**

कुरुक्षेत्र जिले में डॉक्टरों द्वारा की जा रही भ्रामक पब्लिसिटी को लेकर उठे विवाद के बीच स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। ऐसे में विभाग की चुप्पी और निष्क्रियता पर सवाल उठना लाजिमी है।




शहर में कई क्लिनिक और अस्पताल खुलेआम 'बेहतर इलाज' और 'गारंटी इलाज' जैसे दावे करते हुए विज्ञापन कर रहे हैं, जो चिकित्सा आचार संहिता के खिलाफ हैं। नियमों के बावजूद इस तरह की पब्लिसिटी जारी रहना प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, डॉक्टरों को भ्रामक प्रचार करने की अनुमति नहीं है, फिर भी होर्डिंग्स, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मरीजों को लुभाया जा रहा है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही जवाब देने से बच रहे हैं, तो कार्रवाई की उम्मीद कैसे की जा सकती है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मुद्दे पर कब तक चुप्पी साधे रहता है या फिर कोई ठोस कदम उठाया जाता है।

## ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

» **अश्विनी वालिया**




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 29 मार्च। कुरुक्षेत्र 7 बी स्थित ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे स्कूल में वार्षिक परिणाम विद्यालय की प्राचार्या लवलीन पाहवा द्वारा घोषित किया गया। साथ ही साथ किंडरगार्टन ग्रैजुएशन डे भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विद्यालय की सभी कक्षाओं से प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय स्थान पर रहने वाले सभी बच्चों को विद्यालय के निर्देशक राज पाहवा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों का वार्षिक परिणाम शतप्रतिशत रहा। विद्यालय में सभी अभिभावकों के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ! सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ सभी गेम्स में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत से अभिभावकों को जीतने पर विद्यालय की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया। इन्हीं गेम्स के मुख्य भाग 'आज का मंच , अभिभावक के दृष्टिकोण से ' में कृषिव ओर अविराज के अभिभावकों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया तथा अन्य गतिविधियों में शामिल रायना,कृषा, कियानप्रीत, रुद्र, अविराज, विराज,शौर्य, अद्विक, इष्टी आदि के अभिभावकों ने कई गेम्स जीते। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं से गुरनाज,आर्य, नव्या, कियानप्रीत, रेयांश,अविराज,ऋषिका ओर सपना ने प्रथम पुरस्कार, तनिष्का, गुणवीर,रायना, इष्टी,राघव, आराध्या, द्वितीय और सेजल, मेहर, शनाया, कृषा, अद्विक और आरना ने तृतीय स्थान हासिल किया,जिन्हें विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा और प्राचार्या लवलीन पाहवा ने बधाई देते हुए सम्मानित किया ओर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की ! प्राचार्या लवलीन पाहवा ओर प्रबंधक राज पाहवा ने सभी बच्चों ओर उनके अभिभावकों के साथ साथ सभी अध्यापक गण और अन्य स्टाफ का भी आभार प्रकट करते हुए बताया कि ये सभी विद्यालय की नींव के समान है,इन सभी के परिश्रम से ही किसी विद्यालय को सुचारू रुप से चलाया जा सकता है।

## मानसिक विक्षिप्त है हिंडन में कूदने वाली युवती

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मार्च।** थानाक्षेत्र स्थित हिंडन बैराज से नदी में कूदने वाली 24 वर्षीय युवती के मानसिक तौर पर कमजोर होने की बात सामने आई है। इलाज के बाद 27 मार्च को उसे परिवार के साथ घर भेज दिया गया। पूछताछ में पता चला कि युवती का परिवार वर्तमान में गाजियाबाद के सिहानी गेट थानाक्षेत्र में रहता है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 26 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे एक युवती ने हिंडन बैराज से नदी में छलांग लगा दी थी। लोगों की सूचना पर तुरंत पुलिस पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवती को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने परिजनों की तलाश शुरू की तो पाया कि सिहानी गेट थाने से उसकी गुमशुदगी दर्ज है। पहचान के बाद परिजनों को युवती से मिलवाया गया। पूछताछ में परिवार ने बेटी के मानसिक विक्षिप्त होने और इलाज चलने की बात कही है।

# सभी के लिए सुलभ , किफायती और समय पर न्याय लोकतंत्र का मूल आधार है: उपराष्ट्रपति

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**




भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को नई दिल्ली में विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा आयोजित न्याय तक समग्र पहुंच के लिए अभिनव समाधान डिजाइन करने (दिशा) योजना की टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श 2026 को संबोधित किया और सभी नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती और समय पर न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र की आधारशिला है और राष्ट्रीय परामर्श इस बात को सुनिश्चित करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार है।

हाल ही में हुए कानूनी सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में बदलाव, प्रक्रियाओं को सरल बनाकर और दक्षता में सुधार करके, अधिक नागरिक-केंद्रित न्याय प्रणाली की ओर एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है।

उन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और टेली-मेडिसिन जैसी पहलों का उदाहरण दिया और टेली-लॉ पहल को कानूनी सेवाओं के लोकतंत्रीकरण का एक शक्तिशाली साधन बताया। उन्होंने कहा कि मुकदमे से पहले कानूनी सलाह विवादों को शीघ्र सुलझाने, अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और अदालतों पर बोझ कम करने में सहायक हो सकती है। भाषाई समावेशन के महत्व पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने भारत के संविधान को कई क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों पर प्रकाश डाला और समझ और भागीदारी को बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं में कानूनी परामर्श प्रदान करने का आ'ान किया। प्रमुख प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने समावेशिता, गुणवत्ता, जवाबदेही और उद्देश्यपूर्ण नवाचार पर जोर दिया। उन्होंने कानूनी सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित प्रयासों का आ'ान किया, विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए। उपराष्ट्रपति ने न्याय तक पहुंच बढ़ाने में जमीनी स्तर पर योगदान देने वाले अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों, सामान्य सेवा केंद्रों, पैनल वकीलों और अन्य हितधारकों की सराहना की।

उन्होंने अधिक उत्तरदायी, समावेशी और न्यायसंगत कानूनी तंत्र के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने हेतु विधि और न्याय मंत्रालय और सहयोगी संगठनों की भी सराहना की।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कानूनी जागरूकता, पहुंच और सेवा वितरण को बढ़ाने के उद्देश्य से कई ज्ञान-आधारित उत्पादों और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों का अनावरण किया। उन्होंने 'वॉयस ऑफ बेनिफिशियरीज' पुस्तिका 2025-26 का शुभारंभ किया, जिसमें उन व्यक्तियों की प्रेरक कहानियों को संकलित किया गया है जिनके जीवन पर टेली-लॉ सेवाओं के माध्यम से सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## मां से अवैध संबंध के शक में भांजे ने मामा को चाकू से गोदकर मार डाला

### वारदात के बाद आरोपी फरार ; तलाश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



बाहरी जिला के पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में शनिवार सुबह मां से अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने रिश्ते के मामा अमन कुमार (22) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पश्चिम विहार वेस्ट थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी रोहित (18) की तलाश शुरू कर दी है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि अमन आरोपी रोहित की मां की सगी बुआ का बेटा था। रोहित को लगता था कि अमन और उसकी मां के बीच अवैध संबंध है। इसी शक की वजह से उसने अमन को चाकू मार दिया। अमन को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि अमन अपने परिवार के साथ दक्षिण दिल्ली के मदनगीर इलाके में रहता था। इसके परिवार में भाई सुमित कुमार के अलावा अन्य सदस्य हैं। अमन अपने भाई सुमित के साथ कारपेंटर का काम करता था। अमन की मामा की बेटी निहाल विहार में परिवार के साथ रहती है। शनिवार को अमन बहन से मिलने निहाल विहार आया था।

घर पहुंचकर वह बहन को लेकर पश्चिम विहार जाने के लिए निकला। इस बीच बहन के बेटे रोहित ने रास्ते में उसे रोक लिया। अमन कुछ समझ पाता इससे पहले रोहित ने उसे चाकू मार दिया और भाग गया। अमन को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# डबवाली के राकेश बंसल 84 वें सेवा रत्न

» हरियाणा, यूटर्न/ 29 मार्च।



सेवा में समर्पित प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठन अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक डबवाली में हुई । जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल जी ने की ।

बैठक में डबवाली के वरिष्ठ सदस्य एवं शाखा अध्यक्ष श्री राकेश बंसल को सेवा रत्न सम्मान से नवाजा गया । श्री बंसल पिछले 3 वर्षों से संघ के लिए कार्य कर रहे है । इनकी निस्वार्थ सेवा एवं कार्यो को देखते हुए इन्हें सेवा रत्न सम्मान से नवाजा गया है ।

श्री बंसल ने कहा कि इस सम्मान को पाकर उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है , भविष्य में सेवा संघ जो भी कार्य य्या जिम्मेदारी मुझे दी जाएगी , मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसे पूरा करने का पर्यास क्ररूँगा ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सेवा गौरव राजिंदर गर्ग ने कहा कि हमे ऐसे निष्ठावान कार्यकर्ताओ की आवश्यकता है जो पूरी ईमानदारी से सेवा प्रोजेक्ट में कार्य करें ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल, राष्ट्रीय सचिव राजिंदर गर्ग, प्रांतीय सदस्य आकाश सैन, डबवाली शाखा के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंगला, सचिव गौरव शर्मा, सेवा रत्न गिरधारी लाल गुप्ता, श्रीमती सरोज गुप्ता, सेवा रत्न डॉ मोहिंदर बंसल कोषाध्यक्ष जगतनारायण पंडित, विजय रमेश आदि सदस्यों ने भी श्री राकेश बंसल को बधाई दी ।

# असाध्य रोगों एवं समस्त कष्टों से मुक्ति दिलाता है रुद्रचंडी महायज्ञ : डॉ. सत्यम कौशिश

**श्री अवधूत आश्रम कुरुक्षेत्र में चल रहे रुद्रचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहुतियां।**

» प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी



थानेसर, यूटर्न/ 29 मार्च । श्री अवधूत आश्रम पिहोवा मार्ग कुरुक्षेत्र में परम पूज्य परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज की अनुकंपा से बड़े गुरु जी अवधूत जी महाराज के बोध दिवस एवं आश्रम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज 29 मार्च रविवार से रुद्रचंडी महायज्ञ का का शुभारंभ हुआ। आज महायज्ञ की पूजा डॉ. सत्यम कौशिश आयुवेर्दाचार्य द्वारा की गई उन्होंने यज्ञ एवं रुद्रचंडी महायज्ञ के बारे में बताया कि आयुर्वेद और ज्योतिष शास्त्रों में रुद्रचंडी महायज्ञ के बारे में बहुत कुछ वर्णन मिलता है। उन्होंने बताया कि असाध्य रोगों के निवारण और समस्त कष्टों से मुक्ति दिलाता है रुद्रचंडी महायज्ञ।

आश्रम की स्वामी डॉ. गार्गी जी महाराज ने बताया कि आज प्रातः 8 बजे पूजन प्रारंभ हुआ। यज्ञ में संत महामंडल की संरक्षक एवं अनेक राज्यों में स्थापित मठ मन्दिर आश्रमों की परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज एवं देश -विदेश से कई संत महात्मा भी भाग लेने आ रहे है। यज्ञ प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक, आरती सायं 7 बजे। यज्ञ उत्तर भारत के प्रख्यात यज्ञाचार्य पण्डित सोम दत्त भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है।

इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, देव प्रयाग से पण्डित कृष्ण मोहन शुक्ला, गोरखपुर से आचार्य शिवम, प्रोफसर डॉ. सपना, स्वामी मंगल मूर्ति, स्वामी महातपा, चेतन मुनि, उमेश गर्ग, अमित कौशिश इत्यादि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मन की बात कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणा दायक और उत्साह वर्धक रहा : डॉ. कमल गुप्ता



» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 29 मार्च । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड को पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने पार्टी कार्यकताओं व कॉलोनीवासियों के साथ सामूहिक रूप से देखा। कार्यक्रम का आयोजन ऋषि नगर स्थित पवन बिश्नोई के प्रतिष्ठान पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और देशहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सदैव प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रहा है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों को सकारात्मक संदेश देते हैं और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिका-ईरान तनाव के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व वर्तमान में बड़े संकट से गुजर रहा है, लेकिन भारत एकजुट होकर हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना और अफवाह फैलाना उचित नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे देशहित को सर्वोपरि रखते हुए संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें। उन्होंने अन्य राष्ट्रीय एवं सामाजिक विषयों पर भी अपने विचार रखते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही राष्ट्र मजबूत बनता है।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं और कॉलोनीवासियों ने भी कार्यक्रम कीं सराहना करते हुए इसे जनजागरण का प्रभावी माध्यम बताया। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला नें बताया की इस अवसर पर राम चन्दर गुप्ता, कृष्ण बिश्नोई, गगन शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# अन्नदाता की फसल बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : उपायुक्त

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न 29 मार्च। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के साथ आगजनी की घटनाओं के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी को देखते हुए उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने नागरिकों से सतर्क करते हुए विशेष अपील जारी की है। उपायुक्त डॉ विरेंदर कुमार दहिया ने कहा है कि इस समय खेतों में गेहूं सहित अन्य फसलें पककर तैयार खड़ी हैं, जो हल्की सी चिंगारी से भी आग की चपेट में आ सकती हैं। ऐसे में चलती गाड़ियों से जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंकना एक गंभीर लापरवाही साबित हो सकती है, जो किसानों के लिए भारी नुकसान का कारण बन सकती है। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में सूखी फसल, तेज हवाएं और उच्च तापमान आग को तेजी से फैलाने में मदद करते हैं। कई बार देखा गया है कि सड़क किनारे फेंकी गई जलती हुई सामग्री से आग लगती है, जो कुछ ही मिनटों में बड़े क्षेत्र में फैल जाती है और किसानों की पूरी फसल को जलाकर राख कर देती है। यह केवल आर्थिक नुकसान ही नहीं, बल्कि किसानों के मनोबल पर भी गहरा आघात पहुंचाता है। उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार फायर सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसमें आम जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। यदि नागरिक अपनी छोटी-छोटी आदतों में सुधार कर लें, तो बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। विशेष रूप से वाहन चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी प्रकार की जलती वस्तु को सड़क या खेतों की ओर न फेंकें।

उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि खेतों में लगी आग न केवल फसल को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि इससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# दिल्ली में कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने एलजी और सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। श्री यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि दिल्ली में बढ़ते अपराध, नशे का कारोबार और महिलाओं के खिलाफ घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और 'ट्रिपल इंजन सरकार' इस मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस नेता ने नए उपराज्यपाल से सक्रिय भूमिका निभाने की मांग करते हुए कहा कि उन्हें कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी अपील की कि वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर स्थिति पर नियंत्रण के उपाय करें। श्री यादव ने दावा किया कि जनवरी से मार्च 2026 के बीच करीब 800 लोग लापता हुए, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। हाईकोर्ट द्वारा चिंता जताने के बावजूद पुलिस प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रही है। उन्होंने हाल के हत्या और लूट की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और जनता डर के माहौल में जी रही है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि सरकार सुरक्षा के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर पूरी तरह असफल साबित हुई है।

# जानलेवा जाम से जूझता कानपुर, एंबुलेंस फंसने से मरीज पहुंचा मौत के करीब, भर्ती

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 29 मार्च । जगह-जगह पर भीषण जाम की समस्या ने आज रविवार को एक मरीज की जिंदगी खतरे में डाल दी। मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती होने के पहले तक भीषण जाम के रूप में यह मौत मरीज के सामने नाचती हुई नजर आई। जाम में फांसी एंबुलेंस को बड़ी मुश्किल से बाहर निकालने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया जा सका।

यह जानलेवा हालत तब पैदा हुए जब जीटी रोड पर मुरारी लाल चेस्ट हास्पिटल के सामने अतिक्रमण अभियान के चलते रविवार दोपहर लगभग 2 किलोमीटर तक भीषण जाम लग गया। मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल से लेकर गुरुदेव चौराहे तक लंबे जाम में वाहन रेंगते रहे। इसमें कई एंबुलेंस फंसी रही।

जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस में गंभीर रूप से बीमार बुजुर्ग रामकृष्ण को बिल्हौर से कानपुर रेफर किया गया था, डेढ़ घंटे तक जाम में मरीज तड़पता रहा और इस दौरान परिजन परेशान हो गए। आक्सीजन के सहारे महज 2 से 3 किमी. का सफर तय करने में डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय लग गया और मरीज की जान सांसत में फंस गई। करीब डेढ़ घंटे बाद परिवार के लोग मरीज को मुरारी लाल चेस्ट हास्पिटल में आकर भर्ती कराया। अवगत कराते चलें कि इसके पहले भी जाम की समस्या और भी कई मरीजों की असमय मौत का कारण बन चुकी है।

# अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की धर्मनगरी है जिसके साथ देश के वैश्य समाज व जनता की आस्था जुड़ी हुई है : बजरंग गर्ग

**केन्द्र सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा को पर्यटन स्थल बनाना चाहिए- बजरंग गर्ग**

» हरियाणा, यूटर्न/ 29 मार्च।





वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा के विकास व टीलें की खुदाई में हो रही देरी पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा करने के उपरांत संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम धीमीगति से चल रहा है। एक साल से ज्यादा हो गए। टीलें की खुदाई का काम शुरू हुए मगर टीलें की खुदाई में भारी ढिलाई बरती जा रही है जबकि अग्रोहा टीले की खुदाई के नाम पर करोड़ों रुपए अब तक खर्च दिखाएं जा चुके है मगर धरातल में ऐसा कुछ दिख नहीं रहा है, जिसकी सरकार को जांच करनी चाहिए। सरकार को अग्रोहा टीलें की खुदाई के काम में तेजी लानी चाहिए। जिस प्रकार टीलें की खुदाई का काम चल रहा है। उस हिसाब से तो 10 साल तक टीलें की खुदाई का काम पूरा नहीं हो सकता जबकि अग्रोहा टीलें पहले जो महाराजा अग्रसेन जी का महल होता था वह जनता की धरोहर है। देश व प्रदेश के कोने-कोने से लोग अग्रोहा टीलें को देखने के लिए आते है क्योंकि अग्रोहा टीलें के साथ महाराजा अग्रसेन जी की यादें जुड़ी हुई है जो सरकार के अधीन है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा टीलें की खुदाई में जो भी सामान निकले उसके लिए सरकार को अग्रोहा टीलें पर ही म्युजियम बनाना चाहिए ताकि देश व प्रदेश से आने-जाने वाले यात्री टीले के साथ-साथ जो भी साम्रगी खुदाई में निकले उसे देख सकें। महाराजा अग्रसेन जी का महल जो 125 एकड़ में टीले के रूप में बदल चुका है जो विशाल है। अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की धर्मनगरी है जिसके साथ देश के वैश्य समाज व जनता की आस्था जुड़ी हुई है। केन्द्र सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा को पर्यटन स्थल बनाना चाहिए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, महासचिव चूड़ियां राम गोयल, युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, निर्माण समिति संयोजक ऋषि राज गर्ग, अग्रोहा प्रधान ईश्वर गोयल, ब्रह्मानंद गोयल भट्टू, पंजाब महिला प्रधान श्रीमती कांता गोयल, फतेहाबाद जिला प्रधान नेहा मित्तल, राजेंद्र बंसल, सीताराम सिंगला, कपिल अग्रवाल अलीगढ़, गिरिजा प्रसाद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल जयपुर, शुभम अग्रवाल बेंगलुरु, पवन गोयल हापुर, प्रमोद गुप्ता दिल्ली, ज्ञान गोयल फरीदाबाद, संत गुप्ता जालंधर, भारत अग्रवाल ग्वालियर, आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट गिरोह से जुड़ा एक और आरोपी गिरफ्तार, अवैध फैक्ट्री सील

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।



दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नकली न्यूट्रिशन सप्लीमेंट बनाने और बेचने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले भी दो गिरफ्तारी हो चुकी है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरियाणा निवासी नवीन कुमार उर्फ बंजारा (32) के रूप में हुई है। यह कार्रवाई ग्लैनबिया परफॉर्मेंस न्यूट्रिशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के बाद की गई है। इससे पहले इसी मामले में मोहित तिवारी और मोहित दीक्षित नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनके पास से 150 किलोग्राम नकली सप्लीमेंट और कई ब्रांडों के जाली स्टिकर बरामद किए गए थे। आगे की जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर नवीन कुमार की संलिप्तता सामने आई। उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने दिल्ली के रानीखेड़ा गांव में छापा मारकर एक अवैध मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का पर्दाफाश किया। मौके से नवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि वह सस्ते कच्चे पाउडर और फ्लेवर मिलाकर 'ऑप्टिमम न्यूट्रिशन' और 'सिंथा-6' जैसे नामी ब्रांडों के नकली प्रोटीन सप्लीमेंट तैयार करता था। इसके बाद वह जाली स्टिकर, होलोग्राम और सील लगाकर इन्हें असली उत्पाद के रूप में बाजार में बेचता था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली सप्लीमेंट, जाली स्टिकर, होलोग्राम, खाली जार, कच्चा माल और मशीनरी बरामद की। इनमें 26 सीलबंद कंटेनर नकली सप्लीमेंट, सैकड़ों की संख्या में नकली स्टिकर व सील, माल्टोडेक्सट्रिन के बैग, विभिन्न फ्लेवरिंग एजेंस और सप्लीमेंट बनाने की मशीनें शामिल हैं।

# कांग्रेस ने पाकिस्तान और अमेरिका के बीच बढ़ती नजदीकी के लिए केंद्र पर निशाना साधा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।



कांग्रेस ने रविवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कभी अलग-थलग पड़े पाकिस्तान को मिल रही तवज्जो और सम्मान के लिए सरकार की विदेश नीति को जिम्मेदार ठहराया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि यह एक ऐसा देश है जिसके साथ राष्ट्रपति क्लिंटन, बुश, ओबामा और बाइडेन ने बहुत सख्ती से निपटा था। अब, नवंबर 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद अलग-थलग पड़ने के बाद, पाकिस्तान को फिर से तवज्जो मिल गई है। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ कोई कूटनीतिक लाभ हासिल करने में असमर्थ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का 'दलाल' बन जाना, ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शानदार सैन्य सफलता के बाद मोदी सरकार की विदेश नीति, कूटनीतिक संपर्क और नैरेटिव मैनेजमेंट की भारी विफलता का प्रतिबिंब है। कांग्रेस सांसद और पार्टी संचार प्रभारी महासचिव ने कहा कि निस्संदेह, राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान की वर्तमान प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पश्चिम एशिया में हाल ही में घटी घटनाओं और भारत पर उनके प्रभाव को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना करना यह पहली बार नहीं है। वहीं, भाजपा लगातार कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन करती रही है। हाल ही में भाजपा नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने तरीके से देश के आत्मसम्मान को बनाए रखते हुए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कांग्रेस लगातार देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता में पाकिस्तान की कथित केंद्रीय भूमिका का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि अगर हमने ऐसे या उस व्यक्ति से बात की होती तो हालात कुछ और होते। भारत अपनी शर्तों पर अपनी भूमिका निभा रहा है। पाकिस्तान को दलाल कहने के लिए मैं विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सराहना करता हूं। 25 मार्च को हुई सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कथित तौर पर कहा था कि 'भारत दलाल देश नहीं हो सकता।'

# छत पर हाईटेंशन लाइन से टकराया युवक का सिर, मौत

गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 मार्च। क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में छत पर मोबाइल फोन पर बात कर रहे युवक का सिर ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगते ही मोबाइल फोन में ब्लास्ट हो गया और युवक गंभीर रूप से झुलस गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार, पिंकू कुमार (22) अपने साथियों के साथ बाईपास पर छोले-भटूरे का ठेला लगाता था। वह एचपी पेट्रोल पंप के पास किराये के कमरे में रहता था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे काम खत्म करने के बाद वह मकान की छत पर चला गया।

इस दौरान मोबाइल फोन पर बात करते समय उसका सिर ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगते ही जोरदार चिंगारी उठी और मोबाइल फोन में ब्लास्ट हो गया। इससे पिंकू बुरी तरह झुलस गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिंकू के साथी अनिल कुमार ने बताया कि वह मूल रूप से ग्राम रैरा ज्योत्र, थाना काशी, जनपद सिद्धार्थनगर का रहने वाला था। पिछले एक वर्ष से उनके साथ काम कर रहा था। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के अनुसार, मेडिकल परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अर्थला में आईजीएल का कनेक्शन जोड़ने के दौरान टूटी पेयजल पाइपलाइन

साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मार्च। अर्थला क्षेत्र में आईजीएल का कनेक्शन जोड़ने के दौरान शुक्रवार को पेयजल पाइपलाइन टूट गई, इससे से पानी सड़क पर जमा हो गया। समस्या दो दिनों से बनी हुई है। निवासियों ने नगर निगम से शिकायत भी की, लेकिन अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। निवासी वीरपाल डबास ने बताया कि आईजीएल की टीम क्षेत्र में दो दिन पहले कनेक्शन जोड़ने पहुंची थी। काम करने के दौरान पेयजल पाइप लाइन टूट गई और पानी बहने लगा। इससे न केवल पानी बर्बाद हो रहा बल्कि आसपास की सड़कों पर भी जलभराव की स्थिति बन गई है। वहां से निकलने वाले राहगीरों और निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रंजीत ने बताया कि आईजीएल की टीम लापरवाही से काम कर रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### प्लॉट और फ्लैट के नाम पर 30.50 लाख हड़पे, पांच पर प्राथमिकी

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 29 मार्च। बृज विहार की रहने वाली नाज खान ने इंदिरापुरम थाने में बिल्डर समेत पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें मार्फियस लैंड एंड फाइनेंस कंपनी के शिप्रा सन सिटी निवासी राकेश व संतराज कसाना, शिप्रा टावर निवासी अतुल, दिल्ली के अभय जैन समेत एक अज्ञात शामिल है। वर्ष 2011 से 2019 के बीच महिला को प्लॉट व फ्लैट दिलाने के नाम पर 30.50 लाख रुपये हड़पने और उसके बाद संपत्ति की रजिस्ट्री न कराने का आरोप है। कोर्ट के आदेश पर 28 मार्च को पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### तेजाब को शराब समझ कर पी गया पेंटर, तबीयत बिगड़ी

लोनी, यूटर्न/ 29 मार्च। परमहंस विहार कॉलोनी निवासी ताज मोहम्मद ने घर में रखे तेजाब को शराब समझ कर पी लिया। तेजाब पीते ही उनकी तबीयत बिगड़ी और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने ताज को आनन फानन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जानकारी कर रही है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पेंटर का काम करने वाले ताज मोहम्मद (44) ने घर में सफाई के लिए रखे तेजाब को शराब समझकर पी लिया। अब उसकी हालत स्थिर है। ताज के भाई सलमान ने पुलिस को बताया कि उनका भाई शराब का आदी है। शनिवार को घर के एक कमरे में बाथरूम की सफाई के लिए तेजाब रखा था। ताज उसे शराब समझ कर पी गए। परिजन ने उन्हें संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### महिला से टप्पेबाजी कर हड़पे सोने के गहने

गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 मार्च। सिहानी गेट थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला को दो युवक बहला फुसलाकर सड़क किनारे ले गए। जहां उन्होंने महिला से सोने का मंगलसूत्र और कानों के कुंडल उतरवा लिए और भाग गए। अचेतावस्था से जागी महिला घर पहुंची और सिहानी गेट थाने में शनिवार को केस दर्ज कराया है। एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि राकेश मार्क स्थित भाटिया फैक्टरी के नजदीक रहने वाली इंदिरा पांडेय (40) पत्नी श्याम शंकर पांडेय घर से फल खरीदने के लिए निकली।

# दोस्ती का फायदा उठाकर की धोखाधड़ी, झूठे मामले में फंसाकर वसूली का आरोप

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 29 मार्च।




निवाड़ी के सुहाना गांव निवासी जाहिद ने टीलामोड़ थाने में भोपुरा स्थित शिवगंगा धर्मकांटा संचालक मोनू शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मोनू, बागपत के छपरौला गांव का रहने वाला है। आरोप है कि धर्मकांटा संचालक ने धोखाधड़ी कर उसकी ट्रॉली और बाइक हड़प ली।

इसके बाद बाइक चोरी के मामले में फंसाकर जेल का डर दिखाते हुए करीब ढाई लाख रुपये वसूले। मामला 2025 का है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 28 मार्च को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। जाहिद ने बताया कि उनका बेटा जुबैर गन्ना सप्लाई का काम करता और वह शिवगंगा धर्म कांटा परिसर में बने कमरे में ही रहता था। मोनू ने 20 दिसंबर 2024 को जुबैर से उसकी ट्रॉली ली और काफी दिन तक चलाता रहा। कई बार वापस मांगे तो टालमटोल करता रहा, लेकिन वापस नहीं किए। मई 2025 में जुबैर ने अपनी बहन की शादी के लिए मोनू के माध्यम से एक बाइक खरीदी। जाहिद ने बताया कि मोनू ने बाइक के लिए 1.15 लाख रुपये लेकर बाइक दे दी लेकिन उसका पंजीकरण नहीं कराया। जब दोनों पक्षों में विवाद बढ़ा तो मोनू ने उनके बेटे जुबैर के खिलाफ ही बाइक चोरी का झूठा मामला दर्ज करा दिया। आरोप है कि तुलसी निकेतन चौकी की पुलिस ने बेटे जुबैर को हिरासत में लिया और जेल भेजने का डर दिखाकर एक लाख रुपये की वसूली की गई। जब इसकी शिकायत थाने में की तब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# दिल्ली क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, 50 हजार के इनामी हथियार सप्लायर को दबोचा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच एजीएस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों से जुड़े, इनामी अंतरराज्यीय हथियार सप्लायर मोहम्मद इसरार उर्फ 'कट्टा' (पिताः मोहम्मद अशरफ, निवासीः शामली, उत्तर प्रदेश, उम्र लगभग 52 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सिंगल शॉट पिस्टल भी बरामद की है।

आरोपी हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट सहित छह आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। हरियाणा पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया था। 1 अगस्त 2024 को क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने अंकित नामक एक शूटर (उम्र 24 वर्ष, निवासीः रोहतक, हरियाणा) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3 अत्याधुनिक पिस्तौलें, 1 सिंगल-शॉट पिस्तौल, अलग-अलग बोर के 13 जिंदा कारतूस, एक बड़े आकार की मैगजीन, एक छोटे आकार की मैगजीन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच के दौरान, यह पता चला कि अवैध हथियार और गोला-बारूद आरोपी मोहम्मद इसरार उर्फ कट्टा द्वारा सप्लाई किए गए थे।

आरोपी का पता लगाने के प्रयास किए गए, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद न्यायालय द्वारा 29 मई 2025 के आदेश के माध्यम से आरोपी इसरार उर्फ कट्टा को भगोड़ा घोषित कर दिया गया। दरअसल, रविवार को दिल्ली पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि राजधानी में संगठित अपराध, जबरन वसूली, हथियारों से हमले और आग्नेयास्त्रों के अवैध उपयोग की घटनाओं में हालिया वृद्धि को देखते हुए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम सक्रिय और कुख्यात अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए लगातार अपने ऑपरेशनों को तेज कर रही है। इसके लिए क्राइम ब्रांच की एंटी-गैंगस्टर स्क्वाड (एजीएस) को दिल्ली और आसपास के राज्यों में सक्रिय ऐसे अपराधियों पर निगरानी रखने और उनकी पहचान करने का काम सौंपा गया था। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए 25 मार्च को दिल्ली-लोनी सीमा के पास मुख्य सड़क पर एक जाल बिछाया गया। निगरानी के दौरान आरोपी इसरार उर्फ कट्टा (उम्र 52 वर्ष) को रोका गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी मोहम्मद इसरार उर्फ कट्टा, जो जिला शामली, उत्तर प्रदेश का निवासी है, पेशे से बढ़ई है और उसने 5वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उसकी दो शादियों से दस बच्चे हैं। उसकी पहली पत्नी का निधन वर्ष 2015 में हो गया था और उसके बाद उसने वर्ष 2016 में दूसरी शादी कर ली। गंभीर आर्थिक तंगी के कारण, आरोपी का संपर्क आपराधिक तत्वों से हो गया और धीरे-धीरे वह हत्या, लूट और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल कुख्यात अपराधियों को अवैध हथियार बनाने और उनकी आपूर्ति करने के काम में लिप्त हो गया।

# देश में 24 घंटे के भीतर 55 लाख एलपीजी रिफिल वितरित किए गए : केंद्र सरकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को बताया कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक रिफिल वितरित किए गए, जबकि 64,000 अतिरिक्त 5 किलो के सिलेंडर भी बेचे गए। एलपीजी वितरकों में कहीं भी सिलेंडर की कमी की सूचना नहीं मिली है।

बयान में कहा गया है कि उद्योग स्तर पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 94 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत कर दी गई है।

सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक है। घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। देश भर में सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं।

सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का अनुरोध किया है। नागरिकों से पीएनजी और इंडक्शन/इलेक्ट्रिक कुकटॉप जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया गया है। सभी नागरिकों से दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास करने का भी अनुरोध किया गया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य के लगातार बंद रहने के मद्देनजर, देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं।

कुछ राज्यों में कुछ खुदरा दुकानों पर अफरा-तफरी मचने से अफरा-तफरी मच गई, जिसके परिणामस्वरूप बिक्री में असामान्य रूप से वृद्धि हुई और भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, यह सूचित किया जाता है कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील दोहराई है।

एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। अब तक करीब 2,900 छापेमारी की जा चुकी हैं और शनिवार को लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों ने शनिवार को देशभर में 1200 से अधिक आरओ और एलपीजी वितरकों पर अचानक निरीक्षण किया ताकि आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे और जमाखोरी या कालाबाजारी को रोका जा सके। तेल कंपनियों ने अब तक एलपीजी वितरकों को लगभग 480 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

## एयरलाइंस विमानों में 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के 20 अप्रैल से ऑफर करेंगी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



एयरलाइंस अब यात्रियों को बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के 60 प्रतिशत सीटें 20 अप्रैल से ऑफर करेंगी। इससे उड़ानों में पारदर्शी सीट आवंटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी विमान नियामक डीजीसीए की ओर से दी गई।

इससे यात्रियों पर आर्थिक बोझ कम होगा, क्योंकि मौजूद समय में एयरलाइंस सीट आवंटन के लिए अलग से चार्ज वसूलती हैं।

इससे पहले नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को निर्देश जारी कर कहा था कि 60 प्रतिशत सीटें यात्रियों को सभी उड़ान में बिना किसी चार्ज के आवंटित की जाएं।

इसे लेकर डीजीसीए ने 20 मार्च को संशोधित एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर जारी किया।

इस दौरान डीजीसीए के माध्यम से जारी नए दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को साथ में बैठाया जाए। कोशिश की जाएगी कि वे पास-पास की सीटों पर बैठ सकें। इससे परिवार या ग्रुप में सफर करने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

मंत्रालय ने कहा कि स्पोर्ट्स इक्विपमेंट और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट जैसी चीजों को भी पारदर्शी और आसान तरीके से फ्लाइट में ले जाने की सुविधा दी जाएगी, बशर्ते सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों का पालन हो। इसी तरह, एयरलाइंस को पालतू जानवरों को ले जाने के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति बनानी होगी। इसके अलावा, मंत्रालय ने यात्रियों के अधिकारों पर भी जोर दिया है।

## भारत-यूरोपीय संघ द्विपक्षीय आर्थिक व व्यापारिक साझेदारी को और गहरा करेंगे : पीयूष गोयल



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक (एमसी14) के दौरान यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच से मुलाकात की और भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रगति की समीक्षा की।

दोनों नेताओं ने एमसी 14 एजेंडा के तहत प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की और 'भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेयर लेयेन ने जनवरी 2026 में नई दिल्ली में घोषित किया था।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल साइट एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'इसके साथ ही द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को और गहराने के अवसरों पर भी चर्चा हुई।'

गोयल ने नाइजीरिया के उद्योग, वाणिज्य और निवेश मंत्री डॉ. जुमोके ओडुवोले से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, 'एमसी 14 एजेंडा पर चर्चा की गई और दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाया गया।'

ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा के साथ एक रचनात्मक बातचीत में एमसी 14 एजेंडा, द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने और भारत-मकोर्सुर पीटीए के विस्तार पर विचार साझा किए गए।

## वीडा स्कूटर ने किया 2 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकडा पार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



स्कूटर निमार्ता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का वीडा इलेक्ट्रिक स्कूटर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह स्कूटर 23 मार्च 2026 तक 2 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर चुका है। कुल 2,02,422 यूनिट्स की बिक्री यह दशार्ती है कि ग्राहकों के बीच इसकी स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। प्रारंभ में इस स्कूटर की बिक्री धीमी रही, लेकिन समय के साथ इसमें तेजी आई है। पहली 1 लाख यूनिट्स तक पहुंचने में ज्यादा समय लगा, जबकि अगली 1 लाख यूनिट्स कम अवधि में ही बिक गईं। फिलहाल हर महीने औसतन 12,500 यूनिट्स की बिक्री हो रही है, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दिखाती है।

कंपनी की बाजार में स्थिति भी समय के साथ मजबूत हुई है। खासतौर पर 2025 में एक साल के भीतर 1 लाख से ज्यादा यूनिट्स की बिक्री ने इसे इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल कर दिया। इससे इसकी बाजार हिस्सेदारी में भी इजाफा हुआ है। इस सफलता के पीछे कंपनी की नई रणनीतियों और किफायती मॉडल्स का बड़ा योगदान रहा है। बैटरी को लेकर लचीले विकल्प देने से ग्राहकों की शुरूआती लागत कम हुई, जिससे ज्यादा लोगों ने इस स्कूटर को अपनाया। यह पहल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने में भी सहायक साबित हुई है।

## रिनाल्ट इंडिया ने तैयार की 'फुटुरेडी' रणनीति

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**



साल 2026 से 2030 तक के लिए रिनाल्ट इंडिया कंपनी ने 'फुटुरेडी' रणनीति तैयार की है। इस योजना के तहत कंपनी कई नए प्रोडक्ट्स लॉन्च करने जा रही है, जिनका फोकस खासतौर पर तेजी से बढ़ते एसयूवी सेगमेंट पर होगा। कंपनी आने वाले समय में तीन नई एसयूवी पेश करेगी, जिनमें रिनाल्ट डस्टर हायब्रिड , रिनाल्ट डस्टर 7-सीटर और रिनाल्ट बोरियल शामिल हैं। इन मॉडलों के जरिए रेनो अलग-अलग ग्राहक वर्गों को टारगेट करने की तैयारी में है, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद है। डस्टर हाइब्रिड को लॉन्च से पहले ही शानदार प्रतिक्रिया मिली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2026 के लिए इसकी सभी यूनिट्स पहले ही बुक हो चुकी हैं, खासकर मेट्रो शहरों में इसकी मांग ज्यादा देखने को मिली है। फिलहाल कंपनी ने इसकी बुकिंग अस्थायी रूप से बंद कर दी है, जिसे लॉन्च के समय दोबारा खोला जा सकता है। इस एसयूवी में 1.8 लीटर का पेट्रोल इंजन, दो इलेक्ट्रिक मोटर और 1.4 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी जाएगी, जो करीब 160पीएस की पावर और 172एनएम का टॉर्क जनरेट करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एमजी कामेट ईवी सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कारों में शामिल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।** अमेरिका -इजराइल-ईरान के मध्य जारी लडाई का असर अब भारत में भी होने लगा है। देश में कहीं गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है तो कहीं पेट्रोल-डीजल की किल्लत सामने आ रही है।ऐसे माहौल में कालाबाजारी भी चांदी काटने में लगे है। ऐसे हालात में इलेक्ट्रिक वाहन किफायती विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। खासतौर पर एमजी कामेट ईवी देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कारों में शामिल है, जिसकी शुरूआती कीमत करीब 7.49 लाख रुपए है। इसकी रनिंग कॉस्ट इसे और आकर्षक बनाती है। एमजी कामेट ईवी को फुल चार्ज करने में लगभग 18 यूनिट बिजली लगती है। यदि प्रति यूनिट कीमत 8 रुपए मानी जाए, तो कुल खर्च 144 रुपए आता है। कंपनी के अनुसार इसकी रेंज 230 किमी है, जबकि वास्तविक रेंज करीब 200 किमी मानी जाती है। इस हिसाब से प्रति किलोमीटर लागत करीब 72 पैसे पड़ती है। वहीं पेट्रोल कार में औसतन 15 किमी प्रति लीटर माइलेज के आधार पर प्रति किलोमीटर खर्च करीब 6.60 रुपए आता है। यानी हर किलोमीटर पर लगभग 5.88 रुपए की बचत संभव है। अगर कोई व्यक्ति महीने में 2000 किमी और साल में 24,000 किमी ड्राइव करता है, तो वह हर महीने करीब 11,760 रुपए और सालाना लगभग 1.41 लाख रुपए तक बचा सकता है। पांच साल में यह बचत 7 लाख रुपए के आसपास पहुंच सकती है, जिससे कार की लागत भी वसूल हो जाती है।

### रॉयल एनफील्ड ने 10 लाख बाइक्स बेचने का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।** किसी एक वित्तीय वर्ष में घरेलू बाजार में रॉयल एनफील्ड ने पहली बार 10 लाख से ज्यादा बाइक्स बेचने का रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच 10,06,937 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। कंपनी की यह बिक्री पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 24 प्रतिशत अधिक है। इस बिक्री में मार्च के आंकड़े अभी शामिल नहीं हैं, जिससे कुल बिक्री और बढ़ने की संभावना है। इस शानदार प्रदर्शन के पीछे कंपनी की मजबूत प्रोडक्ट लाइनअप और ग्राहकों का बढ़ता भरोसा अहम भूमिका निभा रहा है। रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350, रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 और रॉयल एनफील्ड हंटर 350 जैसी लोकप्रिय बाइक्स ने बिक्री में बड़ा योगदान दिया है। खासतौर पर 350सीसी सेगमेंट में कंपनी की पकड़ बेहद मजबूत बनी हुई है।

## आस्ट्रेलिया सरकार ईंधन, उर्वरक और जरूरी चीजें खरीदने की गारंटी देगी

**तेल संकट जैसी परिस्थितियों से निपटने पीएम अल्बानीज का अहम कदम**

» **सिडनी, यूटर्न/ 29 मार्च।**



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से ऑस्ट्रेलिया भी प्रभावित हुआ है। तेल संकट जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए पीएम एंथोनी अल्बानीज के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई सरकार कदम उठा रही है। सरकार ने आवश्यक वस्तुओं की खरीद को सुरक्षित करने के लिए नए ईंधन सुरक्षा उपायों की घोषणा की है। पीएम अल्बानीज और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने बताया कि सरकार सोमवार को संघीय संसद में एक विधेयक पेश करेगी। यह विधेयक मौजूदा निर्यात क्रेडिट एजेंसी को निजी क्षेत्र की ओर से ईंधन, उर्वरक और अन्य जरूरी चीजों की खरीद की गारंटी देने की अनुमति देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम अल्बानीज ने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो, हम एक्सपोर्ट फाइनेंस ऑस्ट्रेलिया का इस्तेमाल करके जहाजों में भरकर आने वाले ईंधन की खरीद की गारंटी देंगे। इससे ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की आपूर्ति बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाला यह समर्थन कोई सामान्य कारोबारी प्रक्रिया नहीं होगी। इसके तहत सिर्फ वही अतिरिक्त आपूर्ति शामिल होगी, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इन नए उपायों से उन आयातकों का वित्तीय जोखिम कम होगा जो अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक ये उपाय ऐसे समय में किए जा रहे हैं, जब पूरे ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और क्षेत्रीय इलाकों में इसकी भारी किल्लत हो रही है। बोवेन ने बताया कि शनिवार तक ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय भंडार में 39 दिनों का पेट्रोल, 30 दिनों का डीजल और 30 दिनों का जेट ईंधन मौजूद था। इससे पहले पीएम अल्बानीज ने शुक्रवार को कहा था कि अल्पावधि में ऑस्ट्रेलिया की ईंधन आपूर्ति की स्थिति अच्छी नजर आ रही है, लेकिन आने वाले महीनों में हालात और भी मुश्किल हो सकते हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कमर्शियल वाहनों के जाली 'नो-एंट्री परमिशन' रैकेट का भंडाफोड़ किया, एक गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की पूर्वी रेंज के नंद नगरी सर्कल के चौकस ट्रैफिक स्टाफ ने कमर्शियल वाहनों के लिए जाली 'नो-एंट्री परमिशन' (एनईपी) बनाने और इस्तेमाल करने के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है और एक लाइट गुड्स व्हीकल (एलजीवी) जब्त कर लिया गया है। सूचना मिली थी कि कुछ कमर्शियल वाहन चालक प्रतिबंधित समय में वाहन चलाने के लिए जाली और मनगढ़ंत नो-एंट्री परमिशन का सहारा ले रहे हैं। इस पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ब्रीफिंग और सख्त प्रवर्तन अभियान शुरू किया।



27 मार्च 2026 को शाम लगभग 6:00 बजे, नंद नगरी सर्कल के ट्रैफिक स्टाफ को वजीराबाद रोड पर लोनी गोलचक्कर के पास ड्यूटी पर तैनात किया गया था। एएसआई आदेश त्यागी और एचसी अनुज अपनी ड्यूटी के दौरान एक कमर्शियल वाहन (टाटा ऐस) को देखा, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल1एलएजे97एक्सएक्स था। यह वाहन लोनी गोलचक्कर से खजूरी खास की ओर जा रहा था।

इस रूट पर कमर्शियल वाहनों की आवाजाही शाम 5:00 बजे से रात 11:00 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंधित है, जब तक कि सक्षम अधिकारी से वैध अनुमति न हो। जांच के दौरान ड्राइवर ने अपनी गाड़ी की सामने की विंडस्क्रीन पर एक कथित 'नो-एंट्री परमिशन' चिपकाई हुई दिखाई दी। ट्रैफिक पुलिस ने चालान सिस्टम से तुरंत सत्यापन किया तो पता चला कि इस वाहन के लिए कोई वैध नो-एंट्री परमिशन जारी ही नहीं किया गया था। इस प्रकार यह साफ हो गया कि ड्राइवर जाली और फर्जी एनईपी का इस्तेमाल कर रहा था। ड्राइवर को वाहन सहित पीएस गोकुलपुरी को सौंप दिया गया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 336(3) और 340(2) के तहत एफआईआर संख्या 75/26 दर्ज कर ली गई और जांच शुरू कर दी गई। जांच के दौरान आरोपी की पहचान मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद जमील के रूप में हुई। वह सुंदर नगरी, दिल्ली का निवासी है और उसकी उम्र लगभग 45 वर्ष है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने प्रतिबंधित समय में वाहन चलाने के लिए कभी भी वैध नो-एंट्री परमिशन के लिए आवेदन नहीं किया था। उसने बताया कि सुंदर नगरी के रहने वाले नाजिम नाम के एक परिचित ने उसे बुराड़ी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के पास एक अनजान व्यक्ति से मिलवाया था, जिसने जाली एनईपी का इंतजाम कर दिया था।

## ट्रेनों में परिवार संग करते थे झपटमारी, दंपती गिरफ्तार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 29 मार्च।** ट्रेनों में परिवार के साथ सफर के दौरान झपटमारी और चोरी करने वाले दंपती को गाजियाबाद जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को शनिवार दोपहर साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया। उनके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल, एक महिला से छीना गया मंगलसूत्र और कुछ नकदी बरामद हुई है। सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता के अनुसार, पकड़े गए आरोपी भारत व उसकी पत्नी हिना मूल रूप से उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित दुर्गानगर के रहने वाले हैं। वर्तमान में दोनों गौतमबुद्धनगर में दादरी थाने के पास झुग्गी में रह रहे थे। दोनों घुमंतू प्रवृत्ति के हैं और जगह बदलकर ट्रेनों में वारदात करते थे। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी मिली है। उनकी तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। पुलिस को देख ट्रेन में चढ़ा आरोपी : पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने हाल ही में दिल्ली से अलीगढ़ जा रही ट्रेन के जनरल कोच में एक महिला से मंगलसूत्र झपटा था। शिकायत मिलने के बाद उनकी तलाश की जा रही थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पति-पत्नी अपने करीब दो साल के बच्चे के साथ मौजूद थे। पुलिस को देखते ही पति वहां से गुजर रही एक ट्रेन में चढ़ गया और पत्नी व बच्चे को वहीं छोड़ दिया। पुलिस ने तत्काल ट्रेन में मौजूद स्टाफ को सूचना दी और एक पुलिसकर्मी भी ट्रेन में सवार हो गया। इसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कनाडा गई महिला के घर से गहने, नकदी व अन्य सामान चोरी

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मार्च।** डीएलएफ फेज-1 थाना क्षेत्र में अक्तूबर 2025 से बंद मकान से अज्ञात लोगों ने नकदी, गहने व अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात के दौरान मकान मालकिन अपने बच्चों से मिलने कनाडा गई थी। 27 मार्च को जब वापस आई तो घर में चोरी होने का पता चला।

पीड़िता ने की शिकायत पर डीएलएफ फेज-1 थाने में चोरी संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। डीएलएफ फेज-1 निवासी पुष्पा कालरा ने बताया कि उनके दो बच्चे कनाडा व ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। वह अक्तूबर 2025 में अपना मकान बंद करके कनाडा गई थीं। 27 मार्च की सुबह 9 बजे जब वह अपने घर वापस आई तो कमरे के दरवाजे टूटे मिले व अलमारियों के लॉकर भी खुले हुए थे। कमरों के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जब अलमारी में सामान की जांच की तो एक जोड़ी ईयररिंग, चांदी के कई सिक्के, नकदी (50 रुपये, 10 रुपये, 5 रुपये व 2 रुपये के नए नोट) गायब थे। वहीं, दोनों बाथरूम की टोटियां, शॉवर, रसोई की टोटियां भी चोरी मिली। जांच अधिकारी एसआई दलबीर सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फिंगरप्रिंट व एफएसएल की टीमों से निरीक्षण कराकर साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं।

### सिलिंडर से वार करके महिला की हत्या मामले में हत्यारोपी पति का जीजा गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मार्च।** अपराध शाखा पालम विहार व बजघेड़ा थाने की पुलिस ने कहासुनी में सिलिंडर से वार करके महिला की हत्या करने वाले आरोपी पति के जीजा जीवन को 27 मार्च को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपी जीवन भी महिला की हत्या में संलिप्त है।

हत्यारोपी पति सुनील से पूछताछ के बाद उसके जीजा जीवन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेगूसराय (बिहार) के बचवारा निवासी जीवन (38) के रूप में हुई है। जबकि मृतका गुंजन के हत्यारोपी पति सुनील कुमार को 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी जीवन से पूछताछ में पता चला कि उसके साले सुनील (मृतका का पति) का अपनी पत्नी गुंजन के साथ झगड़ा होता रहता था। जिस वजह से 23 मार्च की रात को जीवन अपने साले सुनील व गुंजन को समझाने आया था। इस दौरान सुनील व उसकी पत्नी गुंजन के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों सुनील व जीवन ने गुंजन के साथ मारपीट की व उसकी हत्या की साजिश की। बाद में आरोपी सुनील ने सिलिंडर से वार करके अपनी पत्नी गुंजन की हत्या कर दी थी।

# एक अप्रैल से धूल और मलबा फैलाने पर होगी कार्रवाई

## सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी निगरानी



### मलबे को ढककर ही ले जाया जा सकेगा

नए नियमों के अनुसार, बिना मलबा जमा करने की रसीद के किसी भी परियोजना को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं मिलेगी। इतना ही नहीं, परियोजना पूरी होने के बाद कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) या ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट (ओसी) जारी करने से पहले भी संबंधित एजेंसियां इस रसीद की जांच करेंगी। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि निर्माण सामग्री और मलबे को ढककर ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाए।

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 29 मार्च।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने निर्माण और तोड़फोड़ (सीएंडडी) गतिविधियों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल और मलबे का गलत तरीके से निपटान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियां दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक हैं। इनसे निकलने वाली धूल हवा में पीएम10 और पीएम2.5 कणों की मात्रा बढ़ा देती है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। खासकर सर्दियों के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। सीएक्यूएम के सदस्य-सचिव तरुण कुमार पिथोड़े के अनुसार, नए नियमों के तहत नगर निगम और विकास प्राधिकरणों को अपने-अपने क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था करनी होगी। हर 5 किलोमीटर के दायरे में कम से कम एक कचरा संग्रह केंद्र बनाना अनिवार्य किया गया है, जहां निर्माण और तोड़फोड़ से निकला मलबा जमा किया जाएगा। इसके अलावा, 200 वर्ग मीटर या उससे बड़े प्लॉट पर निर्माण या पुनर्निर्माण शुरू करने से पहले बिल्डरों को यह बताना होगा कि कितनी मात्रा में मलबा निकलेगा। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निर्माण शुरू करने से पहले सारा मलबा निर्धारित जगह पर जमा कर दिया गया है और उसकी रसीद प्राप्त की गई है। तरुण कुमार पिथोड़े के अनुसार, निगरानी को मजबूत बनाने के लिए एक एकीकृत वेब पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। इस पोर्टल पर कचरा संग्रह केंद्रों की जानकारी, उनकी लोकेशन (जियो-टैगिंग) और मलबा ढोने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग की सुविधा होगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत जुर्माना और अन्य दंड भी लगाए जा सकते हैं।

वायु प्रदूषण को कम करने और निर्माण मलबे के बेहतर प्रबंधन के लिए बनाए गए नियमों के बावजूद एनसीआर के कई राज्यों में वेस्ट कलेक्शन पॉइंट्स (डब्ल्यूसीपी) की कमी बनी हुई है। आंकड़ों से पता चला है कि कई क्षेत्रों में तय मानकों के अनुसार कचरा संग्रह केंद्र अभी तक पूरी तरह विकसित नहीं हो पाए हैं। निर्देशों के अनुसार, हर 55 किलोमीटर के दायरे में कम से कम एक वेस्ट कलेक्शन पॉइंट होना जरूरी है।

## खाना बनाते समय सिलिंडर फटने से पांच श्रमिक झुलसे

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मार्च।** खेड़कीमाजरा गांव में 27 मार्च की रात करीब 9 बजे खाना बनाते समय पांच किलो वाला छोटा सिलिंडर फटने से पांच श्रमिक झुलस गए। बताया जा रहा है घरेलू गैस लीक होने से यह घटना हुई है।

घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनको दिल्ली के एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। धनकोट चौकी की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले छह युवक सुरेश, मनमोहन, चिंटू, अशोक, विवेक व सद्दाम हुसैन खेड़कीमाजरा गांव में बिट्टू के मकान में किराये से कमरा लेकर रह रहे हैं। वे सभी गुरुग्राम में दिहाड़ी-मजदूरी का काम करते हैं। 27 मार्च की रात करीब 9 बजे एक युवक सुरेश बाहर आटा लेने के लिए गया था, जबकि अन्य पांच युवक कमरे में मौजूद थे। एक युवक खाना बना रहा था तो छोटे सिलिंडर में गैस रिसाव होने के कारण धमाके साथ फट गया। आग की लपटों से कमरे में मौजूद सभी पांचों युवक मनमोहन, चिंटू, अशोक, विवेक व सद्दाम हुसैन झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही धनकोट चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से उनको प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। धनकोट पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई जगमाल ने बताया कि खाना बनाते समय छोटा सिलिंडर फटने की बात सामने आई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# स्मार्ट ग्रिड के बचे हुए कार्य खुद पूरे करेगा बिजली निगम

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मार्च।** स्मार्ट ग्रिड का अधूरा कार्य अब बिजली निगम खुद पूरा कराएगा। शहर में 11 केवी की लाइन को अंडरग्राउंड कर उसे आधुनिक ट्रांसफार्मर से जोड़ने के साथ बिजली व्यवस्था को अपटूडेट करने वाली इस योजना का बचा हुआ हिस्सा करीब पिछले एक साल से अधूरा पड़ा है। इस कार्य के लिए बिजली निगम 60 करोड़ रुपए खर्च करेगा।



इस कार्य में लगी एक कंपनी के कार्य छोड़ने और उसके बाद ब्लैक लिस्टेड होने के कारण स्मार्ट ग्रिड का कार्य शहर के कुछ हिस्सों में नहीं हो पाया था। कुछ हिस्सों में केबल अंडर ग्राउंड किए जाने के लिए किए गए गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। बिजली निगम अब स्मार्ट ग्रिड का अधूरा कार्य खुद पूरा कराएगा। निगम अपने ठेकेदारों से खुद की देखरेख में यह कार्य पूरा कराएगा। इसके लिए मार्च 2027 तक का समय तय किया गया है।

शहर के औद्योगिक इलाकों सेक्टर 34 से 37 तक पेस सिटी टू, सोहना रोड आदि में स्मार्ट ग्रिड का काम अधूरा है। बिजली निगम के मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों इसके लिए टेंडर जारी किया गया था मगर जो आवेदन आए, उनमें ज्यादा पैसे मांगे गए, इसके बाद बिजली निगम ने यह फैसला लिया है कि अपनी देखरेख स्थानीय ठेकेदारों की मदद से काम पूरा कराएंगे। इसके लिए मटेरियल की खरीदारी चल रही है।

# करोड़ों रुपये की ठगी मामले में आरोपी निदेशक गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 29 मार्च।** आर्थिक अपराध शाखा-2 ने फर्जी वेंडर फर्म के माध्यम से लेन-देन में करोड़ों रुपये की ठगी मामले में आरोपी निदेशक को तमिलनाडु के कोयंबटूर से गिरफ्तार किया है। फर्जी वेंडर फर्मों के माध्यम से खरीद आदेश जारी करके कंपनी से रुपये ट्रांसफर करवाकर वारदात को अंजाम दिया था।





आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी निवासी प्रशांत (45) के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह सिटी मेगा मार्ट कंपनी का निदेशक (लगभग 20 फीसदी शेयरहोल्डर) है। आरोपी प्रशांत ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता कंपनी स्मार्टपैडल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से व्यापार के नाम पर वर्ष 2020 में करोड़ों रुपये का लोन लिया। इस लोन को 90 दिन के अंदर ब्याज सहित वापस करने का आश्वासन भी दिया था। आरोपियों द्वारा जिन फर्मों के माध्यम से खरीद आदेश जारी कर रुपये ट्रांसफर करवाए गए, वे फर्म आरोपी प्रशांत व उसके अन्य साथियों की ही थी और इस दौरान केवल इनवॉइस जारी की गई थी। उन्होंने किसी भी प्रकार का सामान न ही सप्लाई किया गया व न ही खरीदा गया था। आरोपियों ने शिकायतकर्ता कंपनी से प्राप्त राशि को अपनी ही कंपनी में ट्रांसफर करवाकर आपस में बांट लिया। इस धोखाधड़ी से प्राप्त राशि में आरोपी प्रशांत के हिस्से करीब 70 लाख रुपये आए थे।

# एकता कपूर बनाएगी आतंकी हमलों पर आधारित 'द टेरर रिपोर्ट'

बॉलीवुड फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की सफलता के बाद निर्माता एकता कपूर एक नई और बड़े स्तर की राजनीतिक थ्रिलर लेकर आ रही हैं। एकता कपूर ने 'द टेरर रिपोर्ट' नामक फिल्म बनाने का ऐलान किया है, जो वास्तविक घटनाओं पर आधारित होगी और भारत के खिलाफ हुए आतंकी हमलों के साथ-साथ उनके जवाब में किए गए सख्त कदमों को पर्दे पर पेश करेगी। बालाजी टेलीफिल्म्स और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट ने मिलकर यह फिल्म बनाने का ऐलान किया है। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन करेंगे, जिन्होंने शेरशाह जैसी चर्चित फिल्म के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। 'द टेरर रिपोर्ट' को 'द साबरमती रिपोर्ट' की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सीमा पार आतंकवाद और उससे निपटने के लिए भारत की रणनीति को विस्तार से दिखाया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, फिल्म में जांच एजेंसियों की पेचीदगियों, खुफिया अभियानों और हालिया सुरक्षा घटनाओं को गहराई से दर्शाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में बालाजी टेलीफिल्म्स की रचनात्मक दृष्टि और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट की प्रोडक्शन क्षमता का संगम देखने को मिलेगा। फिल्म के निर्माताओं में एकता कपूर के साथ शोभा कपूर, तनुज गर्ग और अतुल कसबेकर शामिल हैं। फिल्ममेकर्स का मानना है कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दर्शकों को देश की सुरक्षा व्यवस्था और आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में जागरूक भी करेगा। 'शेरशाह' जैसी फिल्म से अपनी निर्देशन क्षमता साबित कर चुके विष्णु वर्धन अब इस नई फिल्म के जरिए एक और सशक्त और वास्तविक कहानी बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी में हैं। फिलहाल फिल्म की शूटिंग और रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही इससे जुड़ी घोषणाएं होने की उम्मीद है।





# 2026 में वामिका गब्बी का धमाका

## सात फिल्मों से करेंगी दर्शकों का मनोरंजन

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'भूत-बंगला' से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहीं वामिका गब्बी के लिए साल 2026 बेहद खास साबित होने जा रहा है। अभिनेत्री इस साल एक-दो नहीं, बल्कि कुल सात फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि उनकी ये फिल्में अलग-अलग भाषाओं और जॉनर में होंगी, जिससे उनका बहुआयामी अभिनय दर्शकों को देखने को मिलेगा। वामिका गब्बी 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'भूत-बंगला' से साल की शुरूआत करेंगी। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और यह हॉरर-कॉमेडी जॉनर में बनी है। फिल्म में डर और हंसी का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा, जिससे दर्शकों को एक अलग अनुभव मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा वामिका करीब चार साल बाद मलयालम सिनेमा में भी वापसी करने जा रही हैं। वह फिल्म 'टिकी टाका' में आसिफ अली के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म पहले 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसके मई 2026 में रिलीज होने की संभावना है। फिल्म का निर्देशन रोहित वीएस कर रहे हैं, जो एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। तमिल सिनेमा में भी वामिका अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। वह फैंटेसी फिल्म 'जिनी' में जयम रवि और कल्याणी प्रियदर्शन के साथ नजर आएंगी। फिल्म में उनका किरदार काफी अलग और दिलचस्प बताया जा रहा है, जो दर्शकों को आकर्षित करेगा।

हिंदी सिनेमा में भी वामिका की कई फिल्में लाइनअप में हैं। 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जबकि 'पति पत्नी और वो दो' में रिश्तों की नोक-झोंक और हास्य का तड़का देखने को मिलेगा। इन दोनों फिल्मों की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है और ये जल्द ही रिलीज के लिए तैयार हैं। पंजाबी सिनेमा में भी वामिका 'किकली' के जरिए एक्शन अवतार में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ मंदी तखर और जोबनप्रीत मुख्य भूमिकाओं में होंगे। इसके अलावा वह एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'जी-2' में भी नजर आएंगी, जो साल के मध्य तक रिलीज हो सकती है। कुल मिलाकर, 2026 वामिका गब्बी के करियर के लिए एक बड़ा मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह अलग-अलग भाषाओं और किरदारों के जरिए अपनी अभिनय क्षमता का दमदार प्रदर्शन करती नजर आएंगी।



# बॉलीवुड में महिलाओं को अधिक अवसर देना चाहिए : कंगना रनौत

भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत, हेमा मालिनी, विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, सिदधार्थ चतुर्वेदी, अनुपम खेर और लॉरेन गोटलिब समेत कई सितारे नजर आए। इस अवसर पर कंगना रनौत ने सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तो उनके दृष्टिकोण को समझना मुश्किल होगा। कंगना ने यह भी कहा कि जिस तरह देश के प्रधानमंत्री राजनीति में महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं, उसी तरह फिल्म इंडस्ट्री को भी महिलाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। उनके मुताबिक, फिल्म फेस्टिवल, स्टूडियो सपोर्ट और महिलाओं के संघर्षों को सामने लाने जैसे प्रयास इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान अभिनेता अरविंद स्वामी ने फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एआई का दायरा तेजी से बढ़ रहा है और भविष्य में फिल्म निर्माण की प्रक्रिया पूरी तरह बदल सकती है। उनका मानना है कि आने वाले समय में एक व्यक्ति भी अकेले पूरी फिल्म बना सकेगा, क्योंकि तकनीक लगातार उन्नत हो रही है। महोत्सव के दौरान हिंदी सिनेमा के दिग्गज धर्मेंद्र को विशेष श्रद्धांजलि दी जाएगी और उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी हेमा मालिनी ने साझा की। इसके अलावा अनुभवी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को भी इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस महोत्सव में विभिन्न देशों की फिल्मों के प्रदर्शन के साथ-साथ सिनेमा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा भी की जाएगी। कुल मिलाकर, यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव न केवल मनोरंजन का मंच है, बल्कि सिनेमा के बदलते स्वरूप, नई तकनीकों और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण अवसर भी बन गया है। मालूम हो कि यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आगामी 30 मार्च तक चलेगा।

# दिल्ली कैपिटल्स इस बार खिताबी जीत के इरादे से उतरेगी

## लखनऊ सुपरजायंटस के खिलाफ शुरू करेगी अभियान



**मुम्बई , यूटर्न/ 29 मार्च।** अक्षर पटेल की कप्तानी में इस बार दिल्ली कैपिटल्स का लक्ष्य आईपीएल खिताब जीतना रहेगा। दिल्ली अपने अभियान की शुरूआत बुधवार पहली अप्रैल को लखनऊ सुपरजायंटस के खिलाफ मैच से करेगी। कैपिटल्स की टीम ने पिछले सत्र की शुरूआत अच्छी की थी पर बाद में वह अपनी लय खोने के कारण बाहर हो गयी थी। ऐसे में अगर कैपिटल्स को इस बार जीत दर्ज करनी है तो उसे अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानना होगा। बेन डकेट के नाम वापस लेने ने उसे झटक लगा है। अब उसकी बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में केएल राहुल और पथुम निसांका के अलावा पृथ्वी शॉ पर आधारित रहेगी। वहीं मध्यक्रम में टीम के पास ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के फिट नहीं होने से टीम की गेंदबाजी की जिम्मेदारी लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव और आकिब नबी पर रहेगी। कप्तान अक्षर पर बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में में भी टीम की ओर से अधिक से अधिक योगदान देने की जिम्मेदारी रहेगी। टीम 2008 से ही लीग का हिस्सा है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। इस दौरान उसने कई कप्तान भी बदले हैं।

# धोनी के बाहर होने से मिल सकता है युवा कार्तिक को अवसर

**» गुवाहाटी, यूटर्न/ 29 मार्च।**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के शुरूआती मैचों से बाहर होने के कारण सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने पहले मुकाबले में युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को अवसर दे सकती है। धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऐसे में वह शुरूआती मैचों से बाहर रहेंगे। कार्तिक को सीएसके ने नीलामी में 14.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक बन गये हैं। सीएसके पिछले सत्र से ही इस खिलाड़ी को खरीदना चाहती थी। इसी कारण उसे हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास के लिए भेजा गया। कार्तिक मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ विकेटकीपिंग भी करते हैं। ऐसे में टीम उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना चाहेगी। कार्तिक ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के पहले ही मैच में शतक लगाया था और इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे।

विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में उन्होंने 445 रन बनाए और टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 11 पारियों में 334 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 162.92 रहा। कार्तिक भी धोनी की तरत मैच फिनिशर बनना चाहते हैं। ऐसे में सीएसके में उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनने का पूरा अवसर मिलने की संभावना है। फ्रैंचाइजी कार्तिक को आगे बढ़ाकर अधिक से अधिक अवसर देने का प्रयास करेगी। ऐसे में अब देखना होगा कि कार्तिक अपने को साबित करने में कितना सफल रहते हैं।

सीसएसके टीम : रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, सरफराज खान / आयुष म्हात्रे, कार्तिक शर्मा, अकील हुसैन, नूर अहमद, मैट हेनरी, खलील अहमद/अंशुल कंबोज।



# चीन के शांक्सी में बिल्डिंग में लगी भीषण आग, तीन लोगों की मौत

सीसीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है जबकि बचाव और राहत के काम अभी भी जारी हैं। आग शनिवार रात 8 बजे लगी, जिसके बाद फायर और रेस्क्यू टीमों ने तुरंत कार्रवाई की।



» **बीजिंग,यूटर्न/ 29 मार्च।**

उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में ताइयुआन में किनशियान नॉर्थ स्ट्रीट के पास एक इमारत में आग लगने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया की ओर से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार, घायलों में से नौ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सीसीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है जबकि बचाव और राहत के काम अभी भी जारी हैं। आग शनिवार रात 8 बजे लगी, जिसके बाद फायर और रेस्क्यू टीमों ने तुरंत कार्रवाई की।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बाद में आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया और बिल्डिंग के अंदर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस बिल्डिंग में आग लगी थी, उसमें एक होटल भी था और चाइनान्यूज डॉट कॉम के मुताबिक जिस जगह पर आग लगी थी, वह बिल्डिंग के पूर्वी हिस्से में उत्तर-दक्षिण रास्ते के पास थी।

घटनास्थल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। मौके की तस्वीरों से पता चला कि आग ज्यादातर बिल्डिंग के बाहरी हिस्सों पर लगी थी और तेजी से पूरी बिल्डिंग में फैल रही थी।

रविवार तड़के बिल्डिंग के पूर्वी हिस्से में आग की वजह से काफी नुकसान दिख रहा था। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि रास्ते के पास बनी कई दुकानें पूरी तरह जल गईं और दुकान के मालिकों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा, भीषण आग में प्रभावित दुकानों के बाहर खड़ी कई इलेक्ट्रिक साइकिलें जलकर खाक हो गईं। रास्ते वाली जगह पर मलबा बिखरा हुआ था, जिसमें ज्यादातर जले हुए एल्युमिनियम कम्पोजिट पैनल के बचे हुए हिस्से थे, जिससे आग से हुए नुकसान का पता चलता है।

# अंतर्राष्ट्रीय संगठन रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करें: लीबिया

**बेनगाजी, यूटर्न/ 29 मार्च।** लीबिया की सर्वोच्च राज्य परिषद (एसएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदेल अब्देलकाफी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को देश के तट से दूर भूमध्य सागर में रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूस के परिवहन मंत्रालय ने तीन मार्च को कहा था कि रूसी गैस टैंकर 'आर्कटिक मेटागाज' पर लीबिया के तट से दूर, भूमध्य सागर में माल्टा के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में यूक्रेन की मानवरहित नावों द्वारा हमला किया गया था। श्री अब्देलकाफी ने कहा, 'इस मुद्दे पर उन संबंधित अंतर्राष्ट्रीय निकायों या संगठनों का ध्यान जाना जरूरी है, जिनके पास ऐसी घटनाओं को सुलझाने का अनुभव है, ताकि लीबियाई तट, लीबियाई क्षेत्र और उसके नागरिकों के लिए किसी भी नकारात्मक परिणाम को रोका जा सके।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ, भूमध्य सागर के तटीय देशों का ध्यान भी ऐसे हमलों को रोकने, समुद्री पर्यावरण की रक्षा करने और इन देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है। इससे पहले, लीबिया के नेशनल ऑयल कॉर्पोरेशन (एनओसी) ने कहा था कि लीबिया के तट से दूर रूसी द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर पर हुए यूक्रेनी हमले के बाद की स्थिति को संभालना उसके लिए संभव है। इस टैंकर को खींचकर उसके किसी एक बंदरगाह पर ले जाया जाएगा। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया कि 100,000 क्यूबिक मीटर एलएनजी ले जा रहे इस टैंकर का प्रोपल्शन और पावर सिस्टम फेल हो गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका ईरान में जमीनी अभियान की कर रहा है तैयारी

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 29 मार्च।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। अखबार के अनुसार किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे।

### ईरान संकट में मदद करने वाले बाहरी पक्षों को सिर्फ.अपने एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए

**मॉस्को, यूटर्न/ 29 मार्च।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ. अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह बात रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कही है। श्री सैफ्रोनकोव ने कहा, 'यहाँ मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि, कुल मिलाकर, खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई 'खेल के एक ही नियम' के अनुसार काम करे और सिर्फ.अपने संकीर्ण एजेंडे पर निर्देशित न हो। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में, जिसमें तेहरान भी शामिल है, ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए।

### अमेरिका ने ईरान में 11,000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमला किये:सेंटकॉम

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 29 मार्च।** अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11,000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किये है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किये है, जिसमें 150 से ज्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11,000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं।

# काठमांडू कोर्ट का बड़ा फैसला, ओली और लेखक 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए



नेपाली न्यूज द काठमांडू पोस्ट ने बताया कि यह आदेश जज आनंद श्रेष्ठ की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद जारी किया। सरकारी वकीलों ने जांच के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने केवल 5 दिन की रिमांड मंजूर की।

» **काठमांडू, यूटर्न/ 29 मार्च।**

काठमांडू जिला अदालत ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को पांच दिन की हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। दोनों नेताओं पर सितंबर में हुए जेन जी विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों की मौत के मामले में लापरवाही के आरोप हैं। नेपाली न्यूज द काठमांडू पोस्ट ने बताया कि यह आदेश जज आनंद श्रेष्ठ की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद जारी किया। सरकारी वकीलों ने जांच के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने केवल 5 दिन की रिमांड मंजूर की।

सुनवाई के दौरान लेखक को अदालत में पेश किया गया, जबकि ओली ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए महाराजगंज स्थित त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल से वर्चुअली पेशी दी।

दोनों नेताओं को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी 8 सितंबर को हुए उस घटनाक्रम से जुड़ी है, जिसमें सुरक्षा बलों पर प्रदर्शनकारियों को दबाने के लिए अत्यधिक बल प्रयोग का आरोप है। सरकारी पक्ष ने अदालत में दलील दी कि मामले की गहन जांच के लिए हिरासत जरूरी है, जबकि बचाव पक्ष ने इसे गलत बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिहर दहाल, अग्नि खरेल, रमेश बदल, गोपाल कृष्ण घिमिरे और खम्मा बहादुर खाती समेत कई वकीलों ने पैरवी की।

यह कार्रवाई एक उच्च स्तरीय जांच आयोग की सिफारिश के बाद की गई है, जिसने 8-9 सितंबर को हुए प्रदर्शन के दौरान कथित लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए दोनों नेताओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश की थी।

इस बीच, दोनों नेताओं की हिरासत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिकाएं भी दायर की गई हैं।



### अमेरिकी मीडिया का दावा, ईरान में कई हफ्तों तक जमीनी सैन्य अभियानों की तैयारी कर रहा पेंटागन

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 29 मार्च।** पेंटागन ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी सैन्य अभियानों की तैयारी कर रहा है, क्योंकि हजारों अमेरिकी सैनिक और मरीन मध्य पूर्व में पहुंच रहे हैं। द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष को और बढ़ाने का फैसला लेते हैं, तो यह युद्ध के एक खतरनाक चरण में बदल सकता है। अधिकारियों के हवाले से अखबार ने कहा कि कोई भी संभावित जमीनी अभियान पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से कम होगा और इसमें विशेष अभियान बलों (स्पेशल ऑपरेशंस फोर्सेज) और पारंपरिक पैदल सेना के मिश्रण द्वारा छापेमारी शामिल हो सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी गुमनाम रहने की शर्त पर दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे मिशन में अमेरिकी सैनिकों को कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें ईरानी ड्रोन और मिसाइल, जमीनी गोलीबारी और अस्थायी विस्फोटक (आईईडी) शामिल हैं।

# अमेरिका-इजरायल पर ईरान का आरोप: यूनिवर्सिटीज को बनाया निशाना

» **तेहरान, यूटर्न/ 29 मार्च।**

ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष की वजह से दुनिया के दूसरे देशों में तनाव बढ़ता जा रहा है। दोनों तरफ से हमले जारी हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका और इजरायल पर ये आरोप लगाया है कि दोनों देश जानबूझकर विश्वविद्यालयों पर हमले कर रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिका और इजरायल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने युद्ध के दौरान जानबूझकर कई विश्वविद्यालयों और रिसर्च सेंटर पर हमला किया। इन हमलों में इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान में यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी शामिल हैं। बघाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली हमले का असली मकसद सामने आ रहा है: यूनिवर्सिटी, रिसर्च सेंटर, ऐतिहासिक स्मारकों



और जाने-माने वैज्ञानिकों को सिस्टमैटिक तरीके से निशाना बनाकर हमारे देश की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को कमजोर करना।' ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के मुताबिक, युद्ध की वजह से ईरान में कम से कम 600 शैक्षिक जगहों को नुकसान पहुंचा है या वे नष्ट हो गई हैं। उन्होंने लिखा, 'इस्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान में यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उन कई यूनिवर्सिटी और रिसर्च सेंटर में से सिर्फ दो हैं जिन पर हमलावरों ने पिछले 30 दिनों में जानबूझकर हमला किया है। ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम और आने वाले खतरे का मुकाबला करना सिर्फ झूठे बहाने थे, सिर्फ मनगढ़ंत बातें जो उनके असली इरादे को छिपाने के लिए बनाई गई थीं।' इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अमेरिका और इजरायल की ओर से की जा रही कार्रवाई की घोर निंदा की थी। उन्होंने कहा, 'ईरान के ऊपर दो न्यूक्लियर सरकारों यानी अमेरिका और इजरायल की तरफ से जबरदस्ती एक गैर-कानूनी युद्ध थोप दिया गया है। यह हमला साफ तौर पर बिना किसी वजह के और बहुत बेरहम है।' उन्होंने यह हमला 28 फरवरी को शुरू किया जब ईरान और अमेरिका ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर अमेरिका की कही जा रही चिंताओं को हल करने के मकसद से एक डिप्लोमैटिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। नौ महीने में दूसरी बार, उन्होंने बातचीत को रोककर और पटरी से उतारकर डिप्लोमेसी को धोखा दिया।' उन्होंने कहा कि इस हमले के सबसे डराने उदाहरणों में से एक दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैयबेह प्राइमरी स्कूल पर किया गया हमला था, जहां 175 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स को जानबूझकर और बेरहमी से मार डाला गया था। अगर वो यह कहते हैं कि ये हमला जानबूझकर और पहले से प्लान किया गया नहीं था, तो इसे माना नहीं जाना चाहिए। अराघची ने कहा कि स्कूल को टारगेट करना एक वॉर क्राइम और इंसानियत के खिलाफ एक ऐसा अपराध है जिसकी सभी को साफ और बिना शर्त निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'शजारेह तैयबेह प्राइमरी स्कूल इस गैर-कानूनी युद्ध के पिछले 27 दिनों में अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए घिनौने जुर्मों का अकेला शिकार नहीं है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *